सत्यमेव जयते

# पंचदश बिहार विधान-सभा के षष्टम् सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्न

प्रश्न वर्ग-1

कुल प्रश्नों की संख्या-06


| क्रमांक | विभागों के नाम | प्रश्नों की संख्या | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 01 | 1 |
| 2 | गन्ना उद्योग विभाग | 01 | 1 |
| 3 | उद्योग विभाग | 01 | 1 |
| 4 | वित्त विभाग | 01 | 1 |
| 5 | गृह विभाग | 01 | 2 |
| 6 | वाणिज्य-कर विभाग | 01 | 2 |


कुल योग--06

## प्रश्न वर्ग-1

## कुल 06 ( छः ) अतारांकित प्रश्न

| क्रमांक | सां० चि० | मा० सदस्यों के नाम | संक्षिप्त विषय | ज्ञापांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | अल्प-1 | श्री जितेन्द्र कुमार राय | सीट खाली रहने का औचित्य | 5068/23-8-2012 |
| 02 | ईख-1 | श्रीमती गुड्डी देवी | ईख का भुगतान | 5067/23-8-2012 |
| 03 | ऐ-1 | श्री अनिल कुमार | औद्योगिक प्रांगण की स्थपना | 5066/23-8-2012 |
| 04 | ग-4 | श्री अवनीश कुमार सिंह | कदम उठाना | 5063/23-8-2012 |
| 05 | ए-1 | श्री अवनीश कुमार सिंह | अग्निशामक यंत्र लगाना | 5065/23-8-2012 |
| 06 | कर-1 | श्री विनोद नारायण झा | आवेदन निरस्त करने का औचित्य । | 5064/23-8-2012 |

### सीट खाली रहने का औचित्य

**अल्प-1. श्री जितेन्द्र कुमार राय**--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हज के लिए केन्द्र द्वारा राज्य को इस वर्ष 11 हजार 320 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि नियम तिथि बीत जाने के बाद हज यात्रियों की 4 हजार 643 सीटें खाली रह गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो हज यात्रियों के लिए निर्धारित कोटा में 4 हजार 643 सीटें खाली रहने का क्या औचित्य है ?

---------

### ईख का भुगतान

**ईख-1. श्रीमती गुड्डी देवी**--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा चीनी मिल द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में ईख किसानों को 5 करोड़ रुपया का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है यदि हां, तो सरकार उक्त ईख किसानों को रीगा चीनी मिल से ईख का भुगतान कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### औद्योगिक प्रांगण की स्थापना

**ऐ-1. श्री अनिल कुमार**--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार सरकार ने अपने ज्ञापांक 18, दिनांक 6 जनवरी, 2012 के द्वारा पर्यटन उद्योग के तहत सुक्ष्म श्रेणी के इकाई पाटलिपुत्रा होटल कैटरींग, पटना में स्थापित करने हेतु पर्यटन विभाग को आदेश दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर सचिव, पर्यटन विभाग ने अपने ज्ञापांक 248, दिनांक 27 जनवरी, 2012 के द्वारा सुक्ष्म इकाई स्थापित करने हेतु उद्योग विभाग को अग्रसारित किया, परन्तु इस दिशा में उद्योग विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में उद्योग विभाग द्वारा सुक्ष्म श्रेणी का इकाई (होटल कैटरींग) पटना के औद्योगिक प्रांगण, पाटलीपुत्र में स्थापित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

### कदम उठाना

**ग-1. श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रति वर्ष पर-कैपिटा आय वर्ष 2011 में 20069 रुपये है जबकि राष्ट्रीय औसत पर-कैपिटा 54,835 रुपये है जिसके कारण राज्य निर्धनतम राज्यों की श्रेणी में खड़ा है, यदि हां, तो सरकार राज्य के नागरिकों की आय में वृद्धि के लिये कौन-से कदम उठाने का विचार रखती है ?

## अग्निशामक यंत्र लगाना

**ए-1. श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1990 में सभी अस्पतालों में अग्निशामक उपकरण लगाने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के पी०एम०सी०एच०, एन०एम०सी०एच०, आई०जी०आई०सी०, आई०जी०आई०एम०एस० सहित पूरे राज्य के किसी भी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल तथा सदर अस्पतालों में अग्निशामक यंत्र लगा हुआ नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों तथा सदर अस्पतालों में अग्निशामक यंत्र लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## आवेदन निरस्त करने का औचित्य

**कर-1. श्री विनोद नारायण झा**--क्या मंत्री, वित्त वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वाणिज्य-कर विभाग के पटना दक्षिणी अंचल, पटना में चालू वित्तीय वर्ष 2012-13 में निबंधन हेतु 1050 व्यापारियों द्वारा केन्द्रीयकृत निबंधन इकाई (सी०आर०यू०) के माध्यम से आवेदन दिया गया है, जिसमें से मात्र 320 व्यापारियों का ही निबंधन किया गया है तथा बांकी 730 व्यापारियों का आवेदन निरस्त कर दिया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

सत्यमेव जयते

# पंचदश बिहार विधान-सभा के षष्ठम सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्न

वर्ग-3

कुल प्रश्नों की संख्या 94

| क्रमांक | विभागों का नाम | प्रश्नों की संख्या | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | ग्रामीण कार्य विभाग | 47 | 1-10 |
| 2 | ग्रामीण विकास विभाग | 04 | 10-11 |
| 3 | पथ निर्माण विभाग | 11 | 11-14 |
| 4 | जल संसाधन विभाग | 14 | 14-17 |
| 5 | लघु जल संसाधन विभाग | 10 | 18-20 |
| 6 | भवन निर्माण विभाग | 03 | 00-20 |
| 7 | श्रम संसाधन विभाग | 03 | 20-21 |
| 8 | पंचायती राज विभाग | 02 | 00-21 |
| | कुल-- | 94 | |

क

अतारांकित प्रश्न

पंचदश बिहार विधान-सभा के षष्ठम सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्नों की सूची

वर्ग-3

| क्रमांक | सांकेतिक चिह्न। | मा0 सदस्यों के नाम। | संक्षिप्त विषय | ज्ञापांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ग्राम्य-1 | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा | सड़क का पक्कीकरण | 4903/16/8/2012 |
| 2 | ग्राम्य-2 | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा | सड़क का पक्कीकरण | 4904/16/8/2012 |
| 3 | ग्राम्य-3 | श्री जय कुमार सिंह | पथ का निर्माण | 4905/16/8/2012 |
| 4 | ग्राम्य-4 | श्री जय कुमार सिंह | पथ का निर्माण | 4906/16/8/2012 |
| 5 | ग्राम्य-5 | श्री अशोक कुमार सिंह | पथ का निर्माण | 4907/16/8/2012 |
| 6 | ग्राम्य-6 | डॉ0 इजहार अहमद | सड़क का निर्माण | 4970/17/8/2012 |
| 7 | ग्राम्य-7 | श्री वीरेन्द्र सिंह | सड़क का निर्माण | 4971/17/8/2012 |
| 8 | ग्राम्य-8 | श्री वीरेन्द्र सिंह | पथ का निर्माण | 4972/17/8/2012 |
| 9 | ग्राम्य-9 | श्री अवनीश कुमार सिंह | मुख्य सड़क से जोड़ना | 4973/17/8/2012 |
| 10 | ग्राम्य-10 | श्रीमती ज्योति देवी | पथ का निर्माण | 4974/17/8/2012 |
| 11 | ग्राम्य-11 | श्री हरिनारायण सिंह | पथ का निर्माण | 4975/17/8/2012 |
| 12 | ग्राम्य-12 | डॉ0 अब्दुल गफूर | सड़क का पक्कीकरण | 4976/17/8/2012 |
| 13 | ग्राम्य-13 | श्रीमती सुनीता सिंह | सड़क का निर्माण | 4977/17/8/2012 |
| 14 | ग्राम्य-14 | श्रीमती सुनीता सिंह | पथ का निर्माण | 4978/17/8/2012 |
| 15 | ग्राम्य-15 | श्री चितरंजन कुमार | पदाधिकारियों पर कार्रवाई | 4908/16/8/2012 |
| 16 | ग्राम्य-16 | श्री अशोक कुमार | सड़क का निर्माण | 4909/16/8/2012 |
| 17 | ग्राम्य-17 | श्रीमती नीता चौधरी | सड़क का निर्माण | 4910/16/8/2012 |
| 18 | ग्राम्य-18 | श्री पदम पराग राय वेणु | पुल का निर्माण | 4911/16/8/2012 |
| 19 | ग्राम्य-19 | श्री पदम पराग राय वेणु | सड़क का निर्माण | 4912/16/8/2012 |
| 20 | ग्राम्य-20 | श्री रामचन्द्र सहनी | सड़क का पक्कीकरण | 4913/16/8/2012 |
| 21 | ग्राम्य-21 | श्री रामचन्द्र सहनी | पथ का पक्कीकरण | 4914/16/8/2012 |
| 22 | ग्राम्य-22 | श्री रामचन्द्र सहनी | पथ का पक्कीकरण | 4915/16/8/2012 |
| 23 | ग्राम्य-23 | श्री रामलषण राम ''रमण'' | सड़क का पक्कीकरण | 4916/16/8/2012 |
| 24 | ग्राम्य-24 | श्री गोपालजी ठाकुर | सड़क का जीर्णोद्धार | 4917/16/8/2012 |
| 25 | ग्राम्य-25 | श्री अशोक कुमार | सड़क का निर्माण | 4918/16/8/2012 |
| 26 | ग्राम्य-26 | श्री विनोद कुमार सिंह | पथ का पक्कीकरण | 4919/16/8/2012 |
| 27 | ग्राम्य-27 | श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार। | सड़क का निर्माण | 4920/16/8/2012 |
| 28 | ग्राम्य-28 | श्रीमती बीमा भारती | पथों का निर्माण | 4921/16/8/2012 |
| 29 | ग्राम्य-29 | श्रीमती बीमा भारती | पथों की मरम्मती | 4922/16/8/2012 |
| 30 | ग्राम्य-30 | श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार। | पुल का निर्माण | 4979/17/8/2012 |

| क्रमांक | सांकेतिक चिह्न । | मा0 सदस्यों के नाम । | संक्षिप्त विषय | ज्ञापांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 31 | ग्राम्य-31 | श्री अरूण शंकर प्रसाद | दोषी पर कार्रवाई | 4980/17/8/2012 |
| 32 | ग्राम्य-32 | श्री विनोद कुमार सिंह | पथ का पक्कीकरण | 4981/17/8/2012 |
| 33 | ग्राम्य-33 | श्री विनोद कुमार सिंह | पथ का पक्कीकरण | 4982/17/8/2012 |
| 34 | ग्राम्य-34 | श्री जनार्दन मांझी | सड़क का निर्माण | 4983/17/8/2012 |
| 35 | ग्राम्य-35 | श्री वैद्यनाथ सहनी | पुल की मरम्मती | 4984/17/8/2012 |
| 36 | ग्राम्य-36 | श्री वैद्यनाथ सहनी | पथ का निर्माण | 4985/17/8/2012 |
| 37 | ग्राम्य-37 | श्री वैद्यनाथ सहनी | पथ का निर्माण | 4986/17/8/2012 |
| 38 | ग्राम्य-38 | श्री वैद्यनाथ सहनी | पुल का निर्माण | 4987/17/8/2012 |
| 39 | ग्राम्य-39 | श्री वैद्यनाथ सहनी | पथ का निर्माण | 4988/17/8/2012 |
| 40 | ग्राम्य-40 | श्री सबा जफर | पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति | 4989/22/8/2012 |
| 41 | ग्राम्य-41 | श्री दिनेश कुमार सिंह | सड़कों का निर्माण | 4990/22/8/2012 |
| 42 | ग्राम्य-42 | श्री दिनेश कुमार सिंह | गुणवत्ता की जाँच | 4991/22/8/2012 |
| 43 | ग्राम्य-43 | श्री दिनेश कुमार सिंह | सड़कों का निर्माण | 4992/22/8/2012 |
| 44 | ग्राम्य-44 | डॉ0 अच्युतानन्द | सड़क का निर्माण | 4993/22/8/2012 |
| 45 | ग्राम्य-45 | श्री ललित कुमार यादव | पुल का निर्माण | 4994/22/8/2012 |
| 46 | ग्राम्य-46 | श्री राम प्रवेश राय | सड़कों की मरम्मती | 4995/22/8/2012 |
| 47 | ग्राम्य-47 | श्री प्रेम रंजन पटेल | सड़क का निर्माण | 4996/22/8/2012 |
| 48 | सामु-1 | श्री अवनीश कुमार सिंह | गाँवों को विकसित करना | 4967/16/8/2012 |
| 49 | सामु-2 | श्री अवनीश कुमार सिंह | राशि आवंटित करना | 4968/16/8/2012 |
| 50 | सामु-3 | श्री संजय कुमार | सूची उपलब्ध कराना | 4969/16/8/2012 |
| 51 | सामु-4 | श्री शैलेश कुमार | भवन का निर्माण | 4923/16/8/2012 |
| 52 | पथ-1 | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा | सड़क का निर्माण | 4934/16/8/2012 |
| 53 | पथ-2 | श्रीमती मनोरमा प्रसाद | सड़क का जीर्णोद्धार | 4933/16/8/2012 |
| 54 | पथ-3 | श्रीमती सुनीता सिंह | पथ का निर्माण | 4932/16/8/2012 |
| 55 | पथ-4 | श्री राम सेवक हजारी | पथ का निर्माण | 4930/16/8/2012 |
| 56 | पथ-5 | श्री श्रवण कुमार | पथ का निर्माण | 4930/16/8/2012 |
| 57 | पथ-6 | श्री सुरेश शर्मा | दोषी पर कार्रवाई | 4929/16/8/2012 |
| 58 | पथ-7 | श्री राज कुमार राय | पुल का निर्माण | 4928/16/8/2012 |
| 59 | पथ-8 | मो0 आफाक आलम | पुल का निर्माण | 4927/16/8/2012 |
| 60 | पथ-9 | श्री जनार्दन मांझी | सड़क का चौड़ीकरण | 4926/16/8/2012 |
| 61 | पथ-10 | श्री संतोष कुमार | सड़क का चौड़ीकरण | 4925/16/8/2012 |
| 62 | पथ-11 | श्री जाकिर खाँ | पुल का निर्माण | 4924/16/8/2012 |
| 63 | ज-1 | श्री चितरंजन कुमार | नहर का जीर्णोद्धार | 4943/16/8/2012 |
| 64 | ज-2 | श्री जय कुमार सिंह | सिंचाई सुविधा देना | 4944/16/8/2012 |
| 65 | ज-3 | श्री जय कुमार सिंह | सिंचाई उपलब्ध कराना | 4945/16/8/2012 |
| 66 | ज-4 | श्री श्रवण कुमार | नहर का सुदृढ़ीकरण | 4946/16/8/2012 |
| 67 | ज-5 | श्रीमती नीता चौधरी | पाईप की सफाई | 4947/16/8/2012 |
| 68 | ज-6 | श्रीमती नीता चौधरी | सुरक्षात्मक दीवाल बनाना | 4948/16/8/2012 |

| क्रमांक | सांकेतिक चिह्न । | मा0 सदस्यों के नाम । | संक्षिप्त विषय | ज्ञापांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 69 | त्र-7 | श्रीमती सुनीता सिंह | बाढ़ निरोधक कार्य कराना | 4949/16/8/2012 |
| 70 | त्र-8 | श्री राज कुमार राय | तटबन्ध का निर्माण | 4950/16/8/2012 |
| 71 | त्र-9 | मो0 आफाक आलम | सिंचाई सुविधा देना | 4951/16/8/2012 |
| 72 | त्र-10 | श्री शैलेश कुमार | चेक डैम्प का निर्माण | 4952/16/8/2012 |
| 73 | त्र-11 | श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय | बाढ़ पीड़ितों की सहायता | 4953/16/8/2012 |
| 74 | त्र-12 | श्रीमती बीमा भारती | सुरक्षात्मक बांध बनाना | 4954/16/8/2012 |
| 75 | त्र-13 | श्री संजय सिंह ''टाईगर'' | सिंचाई सुविधा देना | 4955/16/8/2012 |
| 76 | त्र-14 | श्री दिनेश कुमार सिंह | जलाशय का निर्माण | 4956/16/8/2012 |
| 77 | लघु-1 | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा | पईन की सफाई | 4957/16/8/2012 |
| 78 | लघु-2 | श्रीमती ज्योति देवी | पईन का जीर्णोद्धार | 4958/16/8/2012 |
| 79 | लघु-3 | श्री संजय सिंह ''टाईगर'' | नलकूपों को चालू कराना | 4959/16/8/2012 |
| 80 | लघु-4 | श्रीमती नीता चौधरी | पईन की सफाई | 4960/16/8/2012 |
| 81 | लघु-5 | श्री रामचन्द्र सहनी | स्लूईस गेट का निर्माण | 4961/16/8/2012 |
| 82 | लघु-6 | श्री रामचन्द्र सहनी | स्लूईस गेट का निर्माण | 4962/16/8/2012 |
| 83 | लघु-7 | श्री जनार्दन मांझी | सिंचाई उपलब्ध कराना | 4963/16/8/2012 |
| 84 | लघु-8 | श्री सबा जफर | पदाधिकारी का पदस्थापन | 4964/16/8/2012 |
| 85 | लघु-9 | श्री सबा जफर | नलकूप लगाना | 4965/16/8/2012 |
| 86 | लघु-10 | श्री श्रवण कुमार | तलाबों की खुदाई | 4966/16/8/2012 |
| 87 | त-1 | श्री आलोक रंजन | आवासों का निर्माण | 4942/16/8/2012 |
| 88 | त-2 | श्री दिनेश कुमार सिंह | भवन का निर्माण | 4941/16/8/2012 |
| 89 | त-3 | श्री श्रवण कुमार | भवन का निर्माण | 4940/16/8/2012 |
| 90 | क-1 | श्री राम सेवक हजारी | प्रशिक्षण केंद्र खोलना | 4937/16/8/2012 |
| 91 | क-2 | श्री श्रवण कुमार | चिकित्सा शुरू कराना | 4936/16/8/2012 |
| 92 | क-3 | श्री शिवेश कुमार | प्रशिक्षण केन्द्र खोलना | 4935/16/8/2012 |
| 93 | पंच-1 | श्री वीरेन्द्र सिंह | भवन का निर्माण | 4939/16/8/2012 |
| 94 | पंच-2 | श्रीमती मुन्नी देवी | आवेदन का निष्पादन नहीं करने का औचित्य । | 4938/16/8/2012 |

## सड़क का पक्कीकरण

ग्राम्य-1. **श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के ग्राम सुदर्शन बिगहा से इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन जाने वाली कच्ची सड़क जो उत्तरी कोयल नहर होते हुए इसमाइलपुर-गुरारू मेन रोड तक जाती है, अत्यन्त जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का पक्कीकरण

ग्राम्य-2. **श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत परैया प्रखण्ड के परैया-पचानपुर मेन रोड से पथरौर गाँव जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-3. **श्री जय कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अंतर्गत नठवार-सुरतापुर पथ से बराढ़ी-कला तक डेढ़ कि0मी0 लम्बी ग्रामीण पथ जर्जर अवस्था में है तथा आमजनों के आवागमन का एकमात्र पथ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-4. **श्री जय कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखण्ड अंतर्गत पुल से पश्चिमी भेलाड़ी होते मिल्की ग्राम तक 4 कि0मी0 लम्बी ग्रामीण पथ जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-5. **श्री अशोक कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत नराइच ग्राम से रफीगंज-कासमा 4 कि0मी0 लम्बी पथ जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-6. **डॉ० इजहार अहमद**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत गौड़ाबौराम प्रखण्ड के कुनौनी से कन्हई-बौड़ाम कमला बांध के पश्चिमी तटबंध जो 4 कि0मी0 जर्जर सड़क का निर्माण कार्य 2.5 करोड़ की लागत से वर्ष 2008-09 में प्रारंभ किया गया था, जिसे वित्तीय 2009-10 में पूरा किया जाना था, जो आजतक अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-7. **श्री वीरेन्द्र सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के पी0एम0जी0एस0 वाई0 रोड से धरैया रोड एवं वजीरगंज-फतेहपुर रोड से पतुहला रोड जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-8. **श्री वीरेन्द्र सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड के वजीरगंज-फतेहपुर रोड से बैजनाथपुर रोड एवं वजीरगंज-फतेहपुर रोड से कारीसोवा रोड जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## मुख्य सड़क से जोड़ना

ग्राम्य-9. **श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2001 में चिन्हित 1000 की आबादी वाले 5779 बसावट, 1000 से कम आबादी वाले 4931 बसावट, 500 से कम आबादी वाले 3643 बसावट, 250 से कम आबादी वाले 4489 बसावट अभी भी मुख्य सड़क से जुड़ नहीं पाये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बसावटों को मुख्य सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-10. **श्रीमती ज्योति देवी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहनपुर प्रखण्ड के लाड़ पंचायत के लाड़ ग्राम में आजादी के वर्षों बाद भी पतल विगहा के महादलितों को अपने गाँव से बाहर जाने के लिए आवागमन का कोई रास्ता नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डाक स्थान से पतल विगहा होते चाई नदी में पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-11. **श्री हरिनारायण सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड के एन0एच0 30ए0 से लच्छु विगहा तक मुख्य मंत्री सड़क योजना से सड़क निर्मित है;

(2) क्या यह बात सही है कि लच्छु विगहा में पूर्व मध्य रेलवे का रेलवे स्टेशन निर्माणाधीन है, जहां जाने के लिए कोई सम्पर्क पथ नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लच्छु विगहा से लच्छु विगहा मोड़ तक मात्र 1(एक) कि0मी0 पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का पक्कीकरण

ग्राम्य-12. **डॉ० अब्दुल गफूर**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत नवहट्टा प्रखण्ड के बकोनीया से डरहार होते हुए नौवला से आगे जाने वाली सड़क कच्ची रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-13. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के तरियानी प्रखण्ड अंतर्गत आर0ई0 ओ0 सड़क राजाडीह से बराही महादलित टोला होते हुए वृन्दावन मुशहरी तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-14. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड अंतर्गत भंडारी बाजार से गरीबहाँ मठ अनुसूचित जाति टोला होते हुए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क तक के पथों का स्थिति जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पदाधिकारियों पर कार्रवाई

ग्राम्य-15. **श्री चितरंजन कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 9 नवम्बर, 2011 को कार्य प्रमण्डल, अरवल द्वारा 27 ग्रुपों की निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसकी प्राक्कलित राशि 480.116 लाख थी;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा प्राक्कलन पर आपत्ति व्यक्त करने के उपरांत अधीक्षण अभिंता अंचल 2, गया द्वारा प्राक्कलन की जाँच का आदेश दिया गया तथा जाँचोपरांत 27 ग्रुपों की प्राक्कलित राशि 275.564 लाख रु0 पायी गयी एवं निविदा भी आमंत्रित की गयी, इस तरह 204. 452 लाख सरकारी राशि की बचत हुई;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संलिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ जाँच गठित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-16. **श्री अशोक कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र के खानपुर प्रखण्ड के ग्राम टेढ़ा, मिल्की होते हुए अमसौर से नथ्थूद्वार ग्राम के पास बूढ़ी गंडक तटबंध ढाला तक जाने वाली सड़क मरम्मती के अभाव में ध्वस्त हो चुकी है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-17. **श्रीमती नीता चौधरी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम नजरी, मौजा रामपुर में सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मुख्यालय आने-जाने में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्राम नजरी, मौजा रामपुर में सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

ग्राम्य-18. **श्री पदम पराग राय वेणु**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखण्ड अंतर्गत मिर्जापुर ईंट भट्‌ठा के पास महिचंदा हाट होते हुए, साहेबगंज बाजार से स्कूल चौक होते हुए, परवाहा हाट से उत्तर मझुआ के मुखिया कलवी देवी के घर के आगे मिडिल स्कूल मझुआ तक पक्की सड़क एवं कमला नदी में रजानन मंडल के घर के आगे पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क एवं पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

---

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-19. **श्री पदम पराग राय वेणु**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखण्डान्तर्गत ग्राम पंचायत रहिकपुर, ठिलामोहन लाईन होटल से सटे इन्द्रभूषण मंडल के घर से आगे होते हुए अररिया जेबीसी (जे0बी0सी0) नहर तक ग्रामीण सड़क का निर्माण नहीं होने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्रा0पं0 रहिकपुर, ठिलामोहन से अररिया, जे0सी0बी0 नहर तक सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का पक्कीकरण

ग्राम्य-20. **श्री रामचन्द्र सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रामगढ़वा प्रखण्ड में सरकार आर0ई0ओ0 पथ से सरकार महादलित बस्ती को जोड़ने वाली सड़क में 2 कि0मी0 सड़क अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में आमजनों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ का पक्कीकरण

ग्राम्य-21. **श्री रामचन्द्र सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ज़िला चम्पारण जिला अन्तर्गत रामगढ़वा प्रखण्ड में एन0एच0 28ए से कुष्ठ कॉलोनी होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है तथा बरसात में पूर्णत: आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ का पक्कीकरण

ग्राम्य-22. **श्री रामचन्द्र सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रामगढ़वा प्रखण्ड में बिनवलिया से दुबौलिया, अहिरौलिया होते हुए पखनहिया चौक तक 06 कि0मी0 कच्ची सड़क अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में घोर कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का पक्कीकरण

ग्राम्य-23. **श्री राम लषण राम ''रमण''**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड की शिवीपट्टी पंचायत में मधुबनी टोल से पूरब वलहा ग्राम करहिया पश्चिम पंचायत तक जाने वाली $2\frac{1}{2}$ कि0 मी0 सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का जीर्णोद्धार

ग्राम्य-24. **श्री गोपालजी ठाकुर**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखण्ड के माधोपुर, देवहा टोला पी0डब्लू0डी0 सड़क से बाथो हावी मौआर मुसहर, पासवान टोला होते हुए माथापुर, विकुपट्टी, सफुआर से उदैब ग्राम तक जाने वाली सड़क का विगत 25 वर्षों से जीर्णोद्धार नहीं होने से आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-25. **श्री अशोक कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम समना में पुरानी बागमती तटबंध ढ़ाला के नजदीक मिंटर राय के दुकान से राम उचित राय के डेरा तक की सड़क माधोपुर ग्राम पंचायत भवन के पास पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क से रघुनाथपुर प्रधान मंत्री सड़क तक की सड़क, सतमलपुर लभट्टा पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क में बलाही ग्राम में बिनोद मंडल के घर के पास से चारों हाट जाने वाली, तिनबटिया जाने वाली पी0एम0जी0एस0 वाई0 सड़क तथा ग्राम गोही पीच सड़क के करबला पोखर तक की सड़क ध्वस्त है तथा आवाजाही में अत्यंत ही कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का पक्कीकरण

ग्राम्य-26. **श्री विनोद कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के जोकड़ पंचायत अंतर्गत पलसा अशोक शर्मा का घर डहुआ टोला नया कच्ची पथ जिसकी लम्बाई 07 कि0मी0 है, पक्की सड़क नहीं रहने कारण आलमपुर, आजमनगर, जोकड़ मरवतपुर, चोल्हर पंचायतों के 30 हजार आम नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची पथ को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-27. **श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत तिसियाही से खिरहर तक की सड़क काफी दयनीय स्थिति में है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पथों का निर्माण

ग्राम्य-28. **श्रीमती बीमा भारती**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के बी0 कोठि प्रखंड के अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में क्रमांक 64-बी0 कोठी मही खण्ड मिलीक से देवरी 1yk 1025.9 k.m. तक स्वीकृत पथों का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथों की मरम्मती

ग्राम्य-29. **श्रीमती बीमा भारती**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के रूपौली प्रखंड अंतर्गत रूपौली से विजय लाल गंज पथ एवं डोला चौक के भिखना पुल होते हुए मधेपुरा जिला सीमा तक पथ की स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो चुका है तथा आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों की मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पुल का निर्माण

ग्राम्य-30. **श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी से हरलाखी तक की सड़क अत्यंत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेनीपट्टी से हरलाखी के बीच भटही शेर का पुल भी टूटा हुआ है, फलस्वरूप लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क और पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## दोषी पर कार्रवाई

ग्राम्य-31. **श्री अरूण शंकर प्रसाद**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड में वर्ष 2009-10 में सिंह कन्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुल नौ (9) सड़कों की निविदा 20 नवम्बर, 2009 को एकरारनामा 28 अप्रील, 2010 को किया गया, जिसके कार्य समापन की तिथि 5 मार्च, 2011 को निर्धारित की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य समापन तिथि से अभीतक कार्य पूरा नहीं किया गया है तथा निर्माण घटिया स्तर का हो रहा है, विभागीय मंत्री से भी इसकी शिकायत दिनांक 16 अप्रील, 2012 के बीस-सूत्री की बैठक में की गयी ,है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विलम्ब के लिए संवेदक एवं विभागीय अधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का पक्कीकरण

ग्राम्य-32. **श्री विनोद कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजम नगर प्रखण्ड के खुरियाल पंचायत के अधीन खुरियाल प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क से खुरियाल सेन्ट्रल बैंक आदिवासी टोला, अरिहारपुर, बसंतपुर, जलसुझा होते हुए बभनगांव रेलवे हॉल्ट तक 08 कि0मी0 कच्ची सड़क रहने के कारण देवगाँव, खरसौता, खुरियाल तथा जोकड़ पंचायतों के 25 हजार आम नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची पथ का पक्कीकरण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

## पथ का पक्कीकरण

ग्राम्य-33. **श्री विनोद कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजम नगर प्रखण्ड के खरसौता पंचायत के अंतर्गत परिहारपुर प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क से कन्दौल आदिवासी टोला, पासवान टोला होते हुए खुदागंज प्रधान मंत्री, ग्रामीण सड़क तक कच्ची सड़क है, जिसकी लंबाई 3.5 कि0मी0 है, पक्की सड़क नहीं रहने के कारण खुरियाल, दनिहां, अमरसिंहपुर, खरसौता, निमौल इत्यादि पंचायतों के 20 हजार नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो उक्त कच्ची पथ को पक्कीकरण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-34. **श्री जनार्दन मांझी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत शाहपुर चौक से अमरपुर सिउढ़ी मोड़ पथ जो प्रधान मंत्री पथ का निर्माण एक वर्ष पूर्व की गयी है, जो काफी जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी गुणवत्ता की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई एवं उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल की मरम्मती

ग्राम्य-35. **श्री वैद्यनाथ सहनी**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम गुनाई बसही प्रधान मंत्री सड़क परमानन्द मंडल के घर होते हुए मुख्य मंत्री सड़क के मध्य भाग में पनघटा नदी पर बने स्क्रू पुल अत्यंत जर्जर है जिस कारण आम नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित जर्जर स्क्रू पुल का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-36. **श्री वैद्यनाथ सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत हरपुर भिन्डी मुख्य मंत्री सेतु नहर के निकट से महादलित टोला से योगेन्द्र राय के दलान होते हुए दिलीप सिंह (शिक्षक) के घर होते हुए प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क तक एवं श्री रामपुकार साह के घर से श्री रामपुकार राय के घर तक पथ जर्जर है, जिस कारण आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-37. **श्री वैद्यनाथ सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कोठिया प्रधान मंत्री ग्राम सड़क ब्रह्मस्थान से श्री कैलाश सिंह के घर होते हुए ग्राम उदयपुर श्री कन्हाई चौधरी के घर होते हुए ताजपुर राजधानी चौक पी0डब्लू0डी0 पथ ताजपुर तक पथ अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पुल का निर्माण

ग्राम्य-38. **श्री वैद्यनाथ सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के गुनाई बसही पंचायत के प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क से वैशाली जिला को जोड़ने वाली सड़क में नून नदी के अगार घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन में आम नागरिकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नून नदी के अगार घाट पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पथ का निर्माण

ग्राम्य-39. **श्री वैद्यनाथ सहनी**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के मोरवा बाजार चौक से पश्चिम जाने वाली सड़क भाया बेसिक स्कूल, कुम्हार टोली ग्राम चाको भिन्डी विद्युत सब-स्टेशन होते हुए पी0डब्लू0डी0 सड़क त्रिमुहानी पोखर से स्टेट बोरिंग गोडिहारी होते हुए दलित टोला निकसपुर पी0डब्लू0डी0 सड़क तक सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

ग्राम्य-40. **श्री सबा जफर**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के बायसी प्रमण्डल अंतर्गत अवर प्रमण्डल अमौर में सहायक अभियंता नहीं रहने के कारण विकास कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर सहायक अभियंता की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़कों का निर्माण

ग्राम्य-41. **श्री दिनेश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड के हरदिया पथ के एन0एच0 30 से बिहिया तक इचरी मोड़ से आपर तक, हरिगांव शिव मंदिर से शांति नगर होते हुए, नहर होते सुलतानपुर-गड़हनी पथ तक सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## गुणवत्ता की जाँच

ग्राम्य-42. **श्री दिनेश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा, सासाराम पथ के गड़हनी से नोनाडीह तक (दूरी 18 कि0मी0) एम0आर0 फंड से बने सड़क में घटिया सामग्री के इस्तेमाल से हुआ, जिसके कारण अभी दो माह बीतने के बाद ही जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की गुणवत्ता की जाँच कर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़कों का निर्माण

ग्राम्य-43. **श्री दिनेश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड के रकटू टोला, रोझाई टोला होते हुए कसेड से ठकुरी मराही टोला पुल तक जगदीशपुर-पीरो पथ के जितौरा मध्य विद्यालय होते सनेया होते तार पथ तक एवं जितौरा-पीरो पथ के मस्जिद मोड़ लोकन टोला के पास से नहर पार करते हुए रजेया होते मोथी गाँव तक सड़क 5 वर्षों से जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-44. **डॉ० अच्युतानन्द**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड अंतर्गत महनार, मोहिउद्दीन नगर सड़क में हसनपुर पंजा चौक से नदी घाट महादलित बस्ती तक जानेवाली सड़क अत्यन्त जर्जर होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

ग्राम्य-45. **श्री ललित कुमार यादव**-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अशोक पेपर मील से विदेश्वरस्थान तक जाने वाली सड़क में मुटवासी गाँव के नजदीक जीवछ नदी पर पुल नहीं है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

----------

## सड़कों की मरम्मती

ग्राम्य-46. **श्री राम प्रवेश राय**-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा और बरौली प्रखण्डों की दो दर्जन से अधिक यथा बरौली प्रखण्ड का बरौली बाजार से मोहनपुर होते हुए ग्रामशेर तक जाने वाली सड़क तथा माँझा प्रखण्ड के एन0एच0 28 की इनीसे से मधु सरैया सहजादपुर तक जानेवाली सड़क तथा अन्य सड़कें जर्जर हो गयी है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क व अन्य सड़कों की मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का निर्माण

ग्राम्य-47. **श्री प्रेम रंजन पटेल**--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री सड़क तथा मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत् विधान मंडल के सदस्यों का अनुशंसा पर चयनित सड़क तथा पुल पुलिया का निर्माण किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत् वर्ष 2009-10 तथा 2010-11 में चयनित योजनाओं का क्रियान्वयन अभीतक नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चयनित सड़क तथा पुल पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## गाँवों को विकसित करना

सामु-1. **श्री अवनीश कुमार सिंह**-क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत राज्य के 225 अनुसूचित जाति बहुल गाँवों को चिन्हित कर प्रत्येक गाँव के विकास हेतु 10-10 लाख रुपये का प्रावधान कर वर्ष 2009-10 में ही केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को सूचित किया गया परंतु आजतक एक भी गाँव में उक्त राशि से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक चिन्हित गाँवों को विकसित करने का विचार रखती है ?

## राशि आवंटित करना

सामु-2. **श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कालाजार पीड़ितों को इंदिरा आवास दिये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में अभीतक कालाजार मरीजों के लिये इंदिरा अवास की राशि राज्य के किसी जिले को आवंटित नहीं की गयी है; जिसके कारण कालाजार के मरीज इंदिरा आवास से वंचित है और फलस्वरूप अस्वच्छ वातावरण में रहने के लिये विवश है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कालाजार के मरीजों के लिये इंदिरा आवास उपलब्ध कराने हेतु राशि जिलों को भेजने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सूची उपलब्ध कराना

सामु-3. **श्री संजय कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 462, दिनांक 16 जनवरी, 2012 द्वारा जिला पदाधिकारी, वैशाली को पत्र लिखाकर वैशाली जिला के राजापाकर, देसरी तथा सहदेई बुजर्ग प्रखण्डों में वर्ष 2007-08 से वर्ष 2010-11 तक निर्मित इंदिरा आवासों की सूची मांगी थी, जो आजतक प्रश्नकर्ता को नहीं उपलब्ध कराई गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त सूची प्रश्नकर्ता को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## भवन का निर्माण

सामु-4. **श्री शैलेश कुमार**--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर अंचल कार्यालय भाड़े के मकान में चल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अंचल कार्यालय हेतु जमीन उपलब्ध कराकर अंचल कार्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का निर्माण

पथ-1. **श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत गुरारू प्रखण्ड के इसमाइलपुर प्रधाना मेन रोड से बेलदार बिगहा तक जाने वाली कच्ची सड़क काफी जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क के पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का जीर्णोद्धार

पथ-2. **श्रीमती मनोरमा प्रसाद**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बसबरिया चम्पारण क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से सन सरैया होते हुए तिलैगही तक जिला से नौतन प्रखण्ड जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण वर्ष 2000 में किया गया था, जो जर्जर अवस्था में है तथा आवागमन अवरुद्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

पथ-3. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड अंतर्गत बागमती नदी के माड़र घाट के निकट पुल बनकर तैयार है, जबकि उक्त पुल के पहुँच पथ की स्थिति जर्जर है एवं आवागमन के योग्य नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक उक्त पुल के पहुँच पथ का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

पथ-4. **श्री राम सेवक हजारी**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत कल्याणपुर विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर, पूसा ढोली जाने वाली पथ में पूसा बाजार के निकट बूढ़ी गंडक नदी पर वर्ष 2009-10 में पुल का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों तरफ पहुँच पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के दोनों तरफ पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

पथ-5. **श्री श्रवण कुमार**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय के अम्बेदकर चौक से मघड़ा हाई स्कूल तक एन0एच0 110 के दोनों तरफ घनी आबादी बसते एवं घरों का पानी नाला नहीं रहने के कारण सड़कों पर गिरने से सड़क क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नाला एवं पाथवे निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## दोषी पर कार्रवाई

पथ-6. **श्री सुरेश शर्मा**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में मुख्य मंत्री शहरी विकास योजना की राशि से पथ निर्माण विभाग के पथ प्रमंडल सं0 2 मुजफ्फरपुर के द्वारा कल्याणी चौक से माल गोदाम चौक तक सड़क तथा नाला निर्माण कार्य वर्ष 2009-10 में शुरू किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय अभियंताओं के उदासीनता एवं संवेदक के लापरवाही के कारण उक्त सड़क का निर्माण कार्य आजतक पूर्ण नहीं हो पाया है, सड़क एवं नाला के अधूरे निर्माण के कारण प्रतिदिन उक्त सड़क पर दुर्घटना होने से जान-माल की क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने व विलम्ब करने वाले दोषी अभियंताओं एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

पथ-7. **श्री राज कुमार राय**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा के हसनपुर से सखवा तथा हसनपुर से बिथान पथ निर्माण विभाग की सड़क है, जिस पर हसनपुर बाजार एवं हसनपुर चीनी के नजदीक दोनों पुल पुराने एवं जर्जर हो चुके हैं, जिस पर भारी वाहनों का परिचालन बन्द है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

पथ-8. **श्री ( मो० ) आफाक आलम**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के संथाली चौक से पूरब में दादर घाट का पुल 5 वर्ष पहले टूटकर धंस गया है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार दादर घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का चौड़ीकरण

पथ-9. **श्री जनार्दन मांझी**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बांका से भाया कजरैली पथ जो अमरपुर बाजार होकर गुजरती है, अमरपुर बाजार की सड़क काफी संकीर्ण है;

(2) क्या यह बात सही है कि संकीर्ण सड़क रहने के कारण बराबर जाम लगा रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का चौड़ीकरण

पथ-10. **श्री संतोष कुमार**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत एन0एच0 31 के वरसौनी से डौली चौक तक का सड़क जर्जर हो जाने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार एन0एच0 31 के वरसौनी से डौली चौक तक के सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पुल का निर्माण

पथ-11. **श्री जाकिर खाँ**--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया विधान-सभा क्षेत्र के भोजपुर पंचायत के बीड़ीहाट के निकट से अररिया शहर मुख्यालय को जोड़ने वाली पुल की स्थिति कई वर्षो से जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण तीन प्रखंडों यथा-सिकटी, पलासी एवं अररिया के आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महत्वपूर्ण पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## नहर का जीर्णोद्धार

त्र-1. **श्री चितरंजन कुमार**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखण्डान्तर्गत अमरा लाईन से निकलकर मैनपुरा, सोहसा, चंदा का पटवन का एकमात्र नहर जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, जिसका नाम 3 माईल 52 जरीब है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सिंचाई सुविधा देना

त्र-2. **श्री जय कुमार सिंह**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के शिव सागर प्रखण्ड अंतर्गत गया चौबे से परहुती माइनर के लगभग तीसरे कि0मी0 परसडीहा डुमरी राजवाहा है, जहां परहुती माइनर से पानी जाने की व्यवस्था है;

(2) क्या यह बात सही है कि परहुती माइनर का बेड लेवल नीचे होने के कारण पूर्ण पानी खोलने के बाद भी परसडीहा, डुमरी, राजवाहा में पानी नहीं जाता है, जिसके कारण सैकड़ों गाँवों का भूमि असिंचित रह जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परसडीहा डुमरी राजवाहा के पास परहुती कैनाल में सिंचाई व्यवस्था हेतु परसडीहा, डुमरी राजवाहा में पानी पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## सिंचाई उपलब्ध कराना

त्र-3. **श्री जय कुमार सिंह**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के हाइलेवल कैनाल से मोर माइनर निकला है, जिससे पतिया, बहुआरा, बाराडीह, पेसरा, मोड़ सहित लगभग 25 गाँवों का किसान इस माइनर के पानी से सिंचाई हेतु निर्भर हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि हाइलेवल कैनाल का बेड लेवल नीचे रहने के कारण मोर माइनर में पानी नहीं पहुँच पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हाइलेवल कैनाल का बेड लेवल ऊँचा कर मोर माइनर में पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## नहर का सुदृढ़ीकरण

त्र-4. **श्री श्रवण कुमार**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत पैमार मध्यम सिंचाई योजना में मालीसाढ़ वराज से केशरी बिगहा मजैठा तक नहर पुल एवं फॉल क्षतिग्रस्त है, जिससे सिंचाई एवं यातायात दोनों अवरुद्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर का सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पाईप की सफाई

त्र-5. **श्रीमती नीता चौधरी**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड के अंतर्गत खुबलाल महावीर महाविद्यालय असरगंज से जलालवाद उच्च विद्यालय तक नहर की खुदाई एवं ह्यूम पाईप की सफाई नहीं होने से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर की खुदाई एवं ह्यूम पाईप सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सुरक्षात्मक दीवाल बनाना

त्र-6. **श्रीमती नीता चौधरी**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला खड़गपुर प्रखण्ड के अंतर्गत मिल्की उत्तर टोला के सामुदायिक भवन से पूर्व घघरी नदी के किनारे ग्राम कचहरी कार्यरत है, जो नदी के बाढ़ से किसी भी समय गिर सकता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम कचहरी के नजदीक नदी में सुरक्षात्मक दीवाल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों?

## बाढ़ निरोधक कार्य कराना

त्र-7. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड अंतर्गत बागमती नदी पर कंसार से मौलानगर तक बाढ़ निरोधात्मक कार्य चलाया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के पानी का दबाव बाढ़ के समय मौलानगर गाँव के सामने अधिक रहता है, जहाँ बाढ़ निरोधात्मक कार्य नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर बाढ़ निरोधात्मक कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## तटबंध का निर्माण

त्र-8. **श्री राज कुमार राय**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत करेह नदी का पूर्वी तटबंध पूर्णतः जर्जर अवस्था में है तथा विगत 30 वर्षों से मरम्मती कार्य नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी तटबंध के निर्माण कार्य कराये जाने से पूर्वी भाग पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है, जिससे लाखों की आबादी भयक्रान्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सिंचाई सुविधा देना

त्र-9. **श्री (मो०) आफाक आलम**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत खाता घाट से कटिहार वितरणी के स्केप रेगुलेटर का निर्माण 2010 में कर दिया गया है, फिर भी आजतक नहर में पानी नहीं दिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार खाता घाट में कटिहार माझर तक नहर में पानी देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## चेक डैम का निर्माण

त्र-10. **श्री शैलेश कुमार**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत जमालपुर प्रखण्ड के इन्दुख पंचायत के निकट डकरा नदी पर चेकडैम के अभाव में सिंचाई का कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर चेकडैम का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

### बाढ़ पीड़ितों की सहायता

त्र-11. **श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गंडक नहर भैरवां ग्राम वथना तुटी के पास बाढ़ से नहर टूट जाने से गोपालगंज जिला अन्तर्गत कुचाइकोट प्रखण्ड के मौकापुर, रामपुर, वलथरी आदि गाँवों में पानी घुस जाने से लगभग बारह गाँवों का फसल की बर्बादी हुई है । जिसकी जानकारी जिला पदाधिकारी, गोपालगंज को ग्रामीणों द्वारा दी गई है, यदि हां, तो क्या सरकार बाढ़ पीड़ितों की सहायता का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### सुरक्षात्मक बाँध बनाना

त्र-12. **श्रीमती बीमा भारती**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के रूपौली प्रखण्ड के सात पंचायत प्रत्येक वर्ष कारी नदी के बाढ़ से कटाव होने के कारण सभी लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार वहाँ सुरक्षात्मक बाँध निर्माण की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### सिंचाई सुविधा देना

त्र-13. **श्री संजय सिंह (टाइगर)**--दैनिक जागरण दिनांक 27 जुलाई, 2012 को छपे शीर्षक ''नहीं पहुँच रहा टेल एंड तक पानी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सोन नहर प्रणाली में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के बावजूद नहरों के अंतिम छोड़ तक पानी नहीं पहुँचने से किसानों में क्षोभ व्याप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि सोन नहर प्रणाली से जुड़े कोइलवर राजवाहा, बिछिआँव राजवाहा, अरानी रजवाहा एवं जैतपुर समेत अनेक राजवाहों के अंतिम छोड़ तक पानी नहीं पहुँचने से धान की रोपनी बुरी तरह प्रभावित हो रही है तथा सिंचाई में भी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राजवाहा के टेल एंड तक शीघ्र पानी पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### जलाशय का निर्माण

त्र-14. **श्री दिनेश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत कदवन जलाशय के लिए सरकार डी0पी0आर0, वर्ष 2006 में ही बनाई है;

(2) क्या यह बात सही है कि कदवन जलाशय का निर्माण नहीं होने से भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं भभुआ सहित कई जिला में सिंचाई सुविधा में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कदवन जलाशय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पईन की सफाई

लघु-1. **श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के ददपा कनौसी पईन विगत 15 वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण इस क्षेत्र के 10 गाँव के स्थानीय किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पईन की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पईन का जीर्णोद्धार

लघु-2. **श्रीमती ज्योति देवी**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत 10 वर्ष पूर्व निरंजना नदी मुहाने (वारा) से ग्राम जकरवा, बरमुखा, टेउरा, कुशहा, प्रधान, गौरा, म0 वि0 विद्यालय, मियां बिगहा होते हुए अमवा तक 15 कि0मी0 महाबोधि पईन के पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण हजारों किसान सिंचाई से वंचित है, यदि हां, तो क्या सरकार महाबोधि पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## नलकूपों को चालू कराना

लघु-3. **श्री संजय सिंह (टाईगर)**-क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के उदवन्तनगर, संदेश एवं कोइलवर प्रखण्ड सहित जिला के कुल 380 नलकूपों में से 90 ही चालू अवस्था में है तथा शेष बन्द है, जिससे कृषि कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उदवन्तनगर, संदेश एवं कोइलवर प्रखण्ड सहित भोजपुर जिला के बन्द पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पईन की सफाई

लघु-4. **श्रीमती नीता चौधरी**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत लिहारा पईन की खुदाई एवं साफ-सफाई अभीतक नहीं हुई है जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लिहारा पईन की खुदाई एवं साफ-सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## स्लूईस गेट का निर्माण

लघु-5. **श्री रामचन्द्र सहनी**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत नगर पंचायत सुगौली के क्षेत्राधीन अवशिष्ट जल प्रवाह हेतु दो मुख्य नालों (1) निमुई नाशी एवं (2) सिंगाहा नाला से बूढ़ी गंडक (सिकरहना) नदी में जल प्रवाहित होता है। बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने से पूरे नगर पंचायत क्षेत्र सुगौली के अवशिष्ट जल का प्रवाह अवरुद्ध होकर विपरीत दिशा में बहती है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित गंभीर समस्या के निदान के लिए उक्त दोनों नालों के बूढ़ी गंडक (सिकरहना) नदी के मिलान बिन्दु पर स्लूईस गेट का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## स्लूईस गेट का निर्माण

लघु-6. **श्री रामचन्द्र सहनी**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बंजरिया के अजगरी में राजघाट जो धनौती और बूढ़ी गंडक नदी को जोड़ती है, राजघाट पर स्लूईस गेट नहीं होने के कारण दर्जनों पंचायतों के किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सिंचाई सुविधा हेतु स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सिंचाई उपलब्ध कराना

लघु-7. **श्री जनार्दन मांझी**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड शम्भूगंज के ग्राम चकरतनी के आगे बड़ुआ नदी पर वियर नहीं रहने से करीब हजारों एकड़ जमीन का पटवन नहीं हो पाता है, जिससे हजारों किसान सिंचाई से वंचित रह जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार किसानों के हित में बड़ुआ नदी पर वियर का निर्माण कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पदाधिकारियों का पदस्थापन

लघु-8. **श्री सबा जफर**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नलकूप प्रमण्डल, पूर्णियां में मात्र एक कनीय अभियंता नियमित है जबकि 9 कनीय अभियंता का स्वीकृत पद है सहायक अभियंता का स्वीकृत पद 4 है जिसके विरुद्ध मात्र 1 ही पदस्थापित है तथा कार्यपालक अभियंता का पद 1 है जहाँ पद रिक्त रहने के कारण विभागीय व विकास कार्य बाधित हो रहा है जबकि नलकूप प्रमण्डल, पूर्णियां अधीन 3 जिला क्रमश: किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार क्षेत्र पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार सुचारू रूप से नलकूपों के संचालन योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु पदाधिकारियों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## नलकूप लगाना

लघु-9. **श्री सबा जफर**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के अमौर प्रखण्ड के ग्राम सरवैली, बहुरा, आमगाछी, अधाग, तिमौर पाड़ा बंगड़ा, झौकड़ एवं बैसा प्रखण्ड के प्याजी, कननिया सानापुर धुधयार, चनदवार, दामुखाय, धेराबाड़ी आदि ग्रामों में नलकूप अबतक नहीं रहने के कारण उक्त ग्रामीणों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में नलकूप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तालाबों की खुदाई

लघु-10. **श्री श्रवण कुमार**--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बेन प्रखण्ड के एकसारा, मखदुमपुर, खैरा, बेन, बारा एवं सौरे ग्रामों में सिंचाई हेतु तालाब है जो भर गया है, यदि हां, तो क्या सरकार सिंचाई कार्य हेतु उक्त तालाबों की खुदाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवासों का निर्माण

त-1. **श्री आलोक रंजन**--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सौर बाजार प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यालय के पदाधिकारियों के आवास अत्यन्त ही जर्जर होने के कारण उक्त प्रखण्ड के पदाधिकारियों को प्रखण्ड मुख्यालय से बाहर रहना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आवासों को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

त-2. **श्री दिनेश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड के जमुआँव गाँव के काली स्थान के पास बन रहे सामुदायिक भवन का कार्य विगत 2 वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिससे सामुदायिक कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

त-3. **श्री श्रवण कुमार**--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नूरसराय प्रखण्ड कार्यालय एवं आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के दिनों में कार्यालय एवं आवासीय भवन में एक ईंच जगह बैठने के लिए सुरक्षित नहीं है तथा अभिलेख भी बरसारत में छत चुने के चलते खराब हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन का नये सिरे से निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

----------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

क-1. **श्री राम सेवक हजारी**--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत महिला औद्योगिक शिक्षण-प्रशिक्षण केन्द्र नहीं होने के कारण महिला छात्राओं को दूसरे राज्यों में जाने पर मजबूर होना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार समस्तीपुर में महिला औद्योगिक शिक्षण-प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## चिकित्सा शुरू कराना

क-2. **श्री श्रवण कुमार**--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला मुख्यालय, बिहारशरीफ के निकट बेयावानी ग्राम में बीड़ी श्रमिकों का अस्पताल भवन वर्ष 2001 में ही बनकर तैयार हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल को इलाज के लिये अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बीड़ी श्रमिकों की चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु उक्त अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

क-3. **श्री शिवेश कुमार**--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआंव, चरपोखरी एवं गड़हनी प्रखण्डों में एक भी आई0टी0आई0 केन्द्र नहीं है । जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावन छात्र एवं छात्राएं प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में आई0टी0आई0 केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## भवन का निर्माण

पंच-1. **श्री वीरेन्द्र सिंह**--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड मुख्यालय में कोई सरकारी निरीक्षण भवन (गेस्ट हाऊस) नहीं है तथा निरीक्षण भवन हेतु जमीन भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वजीरगंज में सरकारी निरीक्षण भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## आवेदन का निष्पादन नहीं करने का औचित्य

पंच-2. **श्रीमती मुन्नी देवी**--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव के पत्रांक 4844, दिनांक 28 दिसम्बर, 2007 द्वारा जन शिकायत के त्वरित निष्पादन में कोताही बरतने वाले पदाधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई करने का आदेश निर्गत है;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री प्रमोद तिवारी, ग्राम सुन्दरपुर बरजा, जिला भोजपुर द्वारा दिनांक 3 नवम्बर, 2011 को जिला पदाधिकारी, भोजपुर के जनता दरबार में परिवाद सं0 2515 द्वारा सोलर प्लेट में गड़बड़ी संबंधी आवेदन दिया गया था, परन्तु दिनांक 1 दिसम्बर, 2011 को परिवाद सं0 2748 द्वारा स्मारित कराये जाने के बावजूद आजतक इनके आवेदन का निष्पादन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इनके आवेदन का अबतक निष्पादन न होने का क्या औचित्य है ?

बि0 स0 मु0 (एल0 ए0) 107--डी0 टी0 पी0--25--

सत्यमेव जयते

## पंचदश बिहार विधान-सभा के षष्टम् सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्न

वर्ग-5

कुल प्रश्नों की संख्या-39

| क्रमांक | विभागों के नाम | प्रश्नों की संख्या | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | ऊर्जा विभाग | 16 | 1-4 |
| 2 | स्वास्थ्य विभाग | 20 | 4-9 |
| 3 | पर्यटन विभाग | 02 | 9-10 |
| 4 | संसदीय कार्य विभाग | 01 | 10 |

कुल योग--39

## प्रश्न वर्ग 5

| क्रमांक | सां० चि० | मा० सदस्य का नाम | विषय | ज्ञापांक/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | य-1 | श्री अवनीश कुमार सिंह | बिजली आपूर्ति कराना | 5000/22-8-2012 |
| 02 | य-2 | श्री मंजीत कुमार सिंह | कार्रवाई करना | 5001/22-8-2012 |
| 03 | य-3 | श्री राम सेवक हजारी | जर्जर तार बदलना | 5002/22-8-2012 |
| 04 | य-4 | डॉ० दाउद अली | टांसफॉर्मर लगाना | 5003/22-8-2012 |
| 05 | य-5 | श्री संजय सिंह 'टाईगर' | कार्य पूर्ण कराना | 5004/22-8-2012 |
| 06 | य-6 | श्री हरिनारायण सिंह | विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण | 5005/22-8-2012 |
| 07 | य-7 | श्री राज कुमार राय | विद्युत आपूर्ति शुरू करना | 5006/22-8-2012 |
| 08 | य-8 | श्री अरूण कुमार सिन्हा | मीटर उपलब्ध कराना | 5007/22-8-2012 |
| 09 | य-9 | श्री मोती लाल प्रसाद | जर्जर तारों को बदलना | 5008/22-8-2012 |
| 10 | य-10 | श्रीमती सुनीता सिंह | कार्य पूरा कराना | 5009/22-8-2012 |
| 11 | य-11 | डॉ० अच्युतानन्द | निर्माण कार्य प्रारंभ करना | 5010/22-8-2012 |
| 12 | य-12 | श्री जनार्दन मांझी | फीडर का निर्माण | 5011/22-8-2012 |
| 13 | य-13 | श्री राम सूरत राय | विद्युत आपूर्ति करना | 5012/22-8-2012 |
| 14 | य-14 | डॉ० अच्युतानन्द | बिजली उपलब्ध कराना | 5013/22-8-2012 |
| 15 | य-15 | श्री कृष्णनन्दन पासवान | जले ट्रांसफॉर्मर बदलना | 5014/22-8-2012 |
| 16 | य-16 | श्री संजय कुमार | विद्युत कनेक्शन लगाना | 5015/22-8-2012 |
| 17 | द-1 | श्री अवनीश कुमार सिंह | लागू करना | 5016/22-8-2012 |
| 18 | द-2 | श्री राम सेवक हजारी | सुचारु रूप से संचालित करना | 5017/22-8-2012 |
| 19 | द-3 | श्री कन्हैया कुमार | परीक्षण घर बनवाना | 5018/22-8-2012 |
| 20 | द-4 | श्री अवनीश कुमार सिंह | लागू करना | 5019/22-8-2012 |
| 21 | द-5 | डॉ० दाउद अली | चिकित्सकों की व्यवस्था | 5020/22-8-2012 |
| 22 | द-6 | श्रीमती भागीरथी देवी | पदस्थापित करना | 5021/22-8-2012 |
| 23 | द-7 | श्रीमती सुनीता सिंह | भवन का निर्माण | 5022/22-8-2012 |
| 24 | द-8 | श्रीमती सुनीता सिंह | भवन का निर्माण | 5023/22-8-2012 |
| 25 | द-9 | श्रीमती सुनीता सिंह | अस्पताल बनवाना | 5024/22-8-2012 |
| 26 | द-10 | श्रीमती नीता चौधरी | स्वा० केन्द्र चालू कराना | 5025/22-8-2012 |
| 27 | द-11 | श्री अरूण कुमार सिन्हा | मशीनों को ठीक कराना | 5026/22-8-2012 |
| 28 | द-12 | श्री अरूण कुमार सिन्हा | दवा की आपूर्ति | 5027/22-8-2012 |
| 29 | द-13 | श्री रामलषण राम ''रमण'' | चिकित्सकों का पदस्थापन | 5028/22-8-2012 |
| 30 | द-14 | श्री गोपालजी ठाकुर | अस्पताल का निर्माण | 5029/22-8-2012 |
| 31 | द-15 | श्री श्रवण कुमार | निर्माण कराना | 5030/22-8-2012 |
| 32 | द-16 | श्री पवन कुमार जायसवाल | भवन का निर्माण | 5031/22-8-2012 |
| 33 | द-17 | श्री मनोहर प्रसाद सिंह | नर्स की प्रतिनियुक्ति | 5032/22-8-2012 |
| 34 | द-18 | श्री राजेश्वर राज | व्यवस्था करना | 5033/22-8-2012 |
| 35 | द-19 | श्री बिनोद कुमार सिंह | प्रतिनियुक्त करना | 5034/22-8-2012 |
| 36 | द-20 | श्रीमती बीमा भारती | पदस्थापित करवाना | 5035/22-8-2012 |
| 37 | टन-1 | श्री रमेश ऋषिदेव | जीर्णोद्धार करना | 4998/22-8-2012 |
| 38 | टन-2 | श्री अशोक कुमार | विकसित करना | 4999/22-8-2012 |
| 39 | ई-1 | श्रीमती मुन्नी देवी | कार्रवाई करना | 4997/22-8-2012 |

## बिजली आपूर्ति कराना

**य-1. श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में राष्ट्रीय औसत से सात गुणा कम बिजली की खपत रहने के बावजूद राज्य के किसी भी जिले में पाँच-छः घंटे से अधिक बिजली नहीं रहती है, यदि हां, तो सरकार कबतक निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने का विचार रखती है ?

---------

## कार्रवाई करना

**य-2. श्री मंजीत कुमार सिंह**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में नलकूप प्रभाग लघु जल संसाधन विभाग, शेखपुरा, पटना के द्वारा ऊर्जा विभाग को नलकूपों को ऊर्जान्वित करने हेतु 4,46,92,300 (चार करोड़ छियालीस लाख बेरानवे हजार तीन सौ) रुपये उपलब्ध कराये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि नलकूप प्रभाग लघु जल संसाधन विभाग द्वारा कुल अड़तीस जिलों में से मात्र 28 जिलों में प्राप्त आवंटन राशि के बाद भी एक भी नलकूप ऊर्जान्वित नहीं किये गये हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवंटित राशि खर्च नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जर्जर तार बदलना

**य-3. श्री राम सेवक हजारी**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के मालीनगर, हजपूरवा, जितवरिया, सैदपुर, सोरमार, मथुरापुर, तीरा, सिमरिया, भिन्डी इत्यादि पंचायतों के 1960-70 के दशक में विद्युतीकृत गाँवों में लगे काठ के खम्भे (काठ के पोल), लोहे के पोल एवं तार जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो इन्हें शीघ्र बदलने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

## ट्रांसफॉर्मर लगाना

**य-4. डॉ० दाउद अली**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव-रघुनाथपुर विद्युत प्रशाखा के सहायक विद्युत अभियंता ने पत्रांक 107, दिनांक 14 दिसम्बर, 2011 द्वारा सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ग्राम कृष्णाब्रह्म एन०एच० 84 के उत्तर में 63 के०भी०ए० का एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का अनुरोध किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत अधीक्षण अभियंता, एस० एण्ड आई०, पटना ने दिनांक 4 जुलाई, 2012 तक उक्त टांसफॉर्मर की स्वीकृति प्रदान नहीं की है, जिससे किसान अनावृष्टि की स्थिति में पटवन के लिए बेचैन हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की स्वीकृति शीघ्र दिलाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

### कार्य पूर्ण कराना

**य-5. श्री संजय सिंह 'टाईगर'**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के पूरक बजट के तहत भोजपुर जिला समेत राज्य के कुल ग्यारह जिलों में पूर्णत: विद्युतीकरण का कार्य के लिए फरवरी, 2012 में ही भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने 3110 करोड़ रुपया स्वीकृत किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्ण विद्युतीकरण मद में भोजपुर जिला में कुल 169 करोड़ रुपया खर्च होना है तथा यह कार्य 18 माह के अन्दर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है जबकि 4 महीने बीतने के बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्युतीकरण कार्य का शीघ्र प्रारम्भ कर समय-सीमा के अन्दर पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण

**य-6. श्री हरिनारायण सिंह**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगरनौसा प्रखण्ड एवं समीपवर्ती गाँव को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हेतु नगरनौसा मुख्यालय में विद्युत उप-केन्द्र की स्वीकृति के उपरांत वर्ष 2009 में जमीन अधिगृहित की गई है, यदि उपरोक्त खण्ड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थान पर विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### विद्युत आपूर्ति शुरू करना

**य-7. श्री राज कुमार राय**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विधान प्रखण्ड में विद्युत पावर स्टेशन ग्रिड का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त ग्रिड से विद्युत आपूर्ति शुरू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

### मीटर उपलब्ध कराना

**य-8. श्री अरूण कुमार सिन्हा**--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 अप्रील, 2012 को प्रकाशित ''बिजली के 23 हजार मीटर जले'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में लगभग 23 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर पिछले छ: माह से जले हुए हैं, जिससे पेसू को प्रतिमाह करोड़ों रुपये राजस्व की हानि हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार इन उपभोक्ताओं को नया मीटर उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती हैं ?

## जर्जर तारों को बदलना

**य-9. श्री मोती लाल प्रसाद**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत संपूर्ण बैरगनिया नगर में बिजली आपूर्ति हेतु लटकाये गये तार अत्यन्त जर्जर एवं पुराने हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इस कारण अक्सर लोगों को कठिनाई होती रहती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## कार्य पूरा कराना

**य-10. श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं 12 में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत एक वर्ष पूर्व विद्युतीकरण का कार्य आरम्भ किया गया था, यदि हां, तो अभीतक कार्य पूरा नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

## निर्माण कार्य प्रारम्भ करना

**य-11. डॉ0 अच्युतानन्द**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा स्थित सलहा में 3 वर्ष पूर्व पावर ग्रिड के स्थापना हेतु शिलान्यास किया गया था, किन्तु कार्य आरम्भ नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार कबतक निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है ?

---------

## फीडर का निर्माण

**य-12. श्री जनार्दन मांझी**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत शम्भुगंज प्रखण्ड में पतवारा पावर सब-स्टेशन में फीडर का निर्माण नहीं होने के कारण वहाँ के ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त पावर सब-स्टेशन में फीडर का निर्माण कर ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति कबतक बहाल करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## विद्युत आपूर्ति करना

**य-13. श्री राम सूरत राय**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत औराई प्रखण्ड के डीहजीवन, अमनौर, अतरार आदि एवं कटरा प्रखण्ड के खगुराडीह, पहसौल, लखनपुर, कलई आदि दर्जनों पंचायत में अबतक विद्युत आपूर्ति की सुविधा लोगों को उपलब्ध नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में क्रमशः 5 वर्ष एवं 10 वर्षों पूर्व लगाये गये पोल, तार एवं ट्रांसफॉर्मर ध्वस्त हो चुके हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औराई एवं कटरा प्रखण्ड के उक्त पंचायतों में शीघ्र विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### बिजली उपलब्ध कराना

**य-14. डॉ० अच्युतानन्द**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार एवं जन्दाहा प्रखण्डों के हसनपुर, मजलिशपुर, लावापुर, करनौती, बासुदेवपुर चण्देल, चमरहरा, सलहा, काला पहाड़, जन्दाहा लोमा, रसुलपुर, पीरापुर, धंधुआ, कादिरपुर, बहसी, हरप्रसाद, सोहरथी, महिसौर, बुचौली आदि गाँव ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से वंचित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त गाँवों में बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### जले ट्रांसफॉर्मर बदलना

**य-15. श्री कृष्णनन्दन पासवान**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखण्ड अन्तर्गत कृतपुर पंचायत के माधोपुर, गड्डुपुर, कृतपुर नोनिया टोला तथा तुरकौलिया प्रखण्ड के सपही पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं० 5 राम परेखा सिंह के घर के निकट एवं बिजूलपुर ग्राम का ट्रांसफॉर्मर विगत तीन माह से जला हुआ है जिस कारण उक्त वर्णित स्थानों पर विद्युत आपूर्ति ठप्प है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के जले ट्रांसफॉर्मर जनहित में बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### विद्युत कनेक्शन लगाना

**य-16. श्री संजय कुमार**--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता ने अपने पत्रांक 750, दिनांक 30 सितम्बर, 2011 द्वारा पटना जिला अन्तर्गत बख्तियारपुर के मिरधाचक ग्राम में बिजली कनेक्शन लगाने हेतु मुख्य अभियन्ता, केन्द्रीय एरिया बोर्ड, दारोगा राय पथ, पटना को पत्र लिखा था जो आजतक लम्बित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में विद्युत कनेक्शन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### लागू करना

**द-1. श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 28 जनवरी, 2012 को बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम का गठन करते हुए निर्णय लिया गया था कि सरकारी अस्पतालों में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दवा-पासबुक

सिस्टम रहेगा जिससे जिस अस्पताल में दवा खत्म होगी तुरंत वहां दवा की आपूर्ति कर दी जायेगी, परन्तु आजतक ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन दवा-पासबुक सिस्टम को लागू नहीं किया गया है, यदि हां, तो पाँच माह बाद भी इस सिस्टम के लागू नहीं करने के कौन-से कारण है तथा सरकार इसे कबतक लागू करना चाहती है ?

---------

**सुचारु रूप से संचालित करना**

द-2. **श्री राम सेवक हजारी**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के सोरमार पंचायत अन्तर्गत रतनपुर डरोर ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र पूर्व में चल रहा था, जो वर्ष 2000, 2004 एवं 2007 ई० में बाढ़ आने से भवन पूर्णत: ध्वस्त होने से बन्द पड़ा है, यदि हां, तो सरकार कबतक इसका पुनर्निर्माण कर सुचारु रूप से संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

**परीक्षण घर बनवाना**

द-3. **श्री कन्हैया कुमार**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला सदर अस्पताल में शव परीक्षण घर नहीं है, जिस कारण पीड़ित परिवार को शव परीक्षण कराने हेतु 100 कि०मी० दूर मुंगेर जाना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जिला अस्पताल में शव परीक्षण घर बनवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों है ?

---------

**लागू करना**

द-4. **श्री अवनीश कुमार सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 28 जनवरी, 2012 को बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम का गठन करते हुए निर्णय लिया गया था सरकारी अस्पतालों में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दवा-पासबुक सिस्टम से रहेगा जिससे जिस भी अस्पताल में दवा खत्म होगी तुरंत वहाँ आपूर्ति कर दी जायेगी, परंतु आजतक ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन दवा-पासबुक सिस्टम को लागू नहीं किया गया है, यदि हां, तो पाँच माह बाद भी इस सिस्टम के लागू नहीं करने के कौन-से कारण हैं तथा सरकार इसे कबतक लागू करना चाहती है ?

---------

**चिकित्सकों की व्यवस्था**

द-5. **डॉ० दाउद अली**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव अनुमण्डलीय अस्पताल में आई०सी०यू० एवं हार्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सक की व्यवस्था नहीं रहने के कारण गरीब मरीजों को निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ता है;

(2) उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रावधान के आलोक में उक्त अनुमण्डलीय अस्पताल में शीघ्र आई०सी०यू० एवं हार्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

**पदस्थापित करना**

द-6. **श्रीमती भागीरथी देवी**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के गौनाहा तथा रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 5 (पाँच) वर्षों से महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला चिकित्सक को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

**भवन का निर्माण**

द-7. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलसंड अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कठौर का सरकारी भवन की स्थिति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निर्माण के लिए 9,50,000.00 रुपये आवंटित किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, कठौर का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

**भवन का निर्माण**

द-8. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परसौनी प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, मुल्ली का भवन पुराना रहने के कारण ध्वस्त हो चुका है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त औषधालय का भवन निर्माण कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

**अस्पताल बनवाना**

द-9. **श्रीमती सुनीता सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड अनुमण्डल को स्थापित हुए 20 वर्ष हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर अभीतक छ: बिस्तर वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ही अवस्थित है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अनुमण्डल स्तर का अस्पताल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

**स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराना**

**द-10. श्रीमती नीता चौधरी**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखण्ड के अन्तर्गत बेलाडीह पंचायत के माधोडीह में स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के बावजूद भी स्वास्थ्य केन्द्र चालू नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माधोडीह स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

**मशीनों को ठीक कराना**

**द-11. श्री अरूण कुमार सिन्हा**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के पी०एम०सी०एच० में एबीजी एनलाईजर, यूटीन एनलाईजर, नैफेलोमीटर, कौग्लोमीटर मशीन, कैमिस्ट्री एनलाईजर एवं डीप फ्रेजर पिछले दस माह से खराब है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित मशीनों को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

**दवा की आपूर्ति**

**द-12. श्री अरूण कुमार सिन्हा**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रतिनियुक्त आयुष चिकित्सकों द्वारा पिछले 6 माह से आयुष दवाओं की आपूर्ति नहीं होने के कारण मरीजों को अंग्रेजी दवा लिखा जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के सभी अस्पतालों को आयुष दवा की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

**चिकित्सकों का पदस्थापन**

**द-13. श्री राम लषण राम ''रमण''**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रेफरल अस्पताल संयुक्त रूप से एक ही भवन यानी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चलाये जा रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल के लिए स्वीकृत चार चिकित्सकों के पद के विरुद्ध सिर्फ एक चिकित्सक कार्यरत हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत 6 (छः) चिकित्सकों के पद के विरुद्ध सिर्फ चार चिकित्सक कार्यरत हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक रिक्त 8 (आठ) चिकित्सकों के पद पर पदस्थापन कराना चाहती है ?

---------

**अस्पताल का निर्माण**

**द-14. श्री गोपालजी ठाकुर**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित 6 बेड वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को तीस बेड का अस्पताल बनाने हेतु चार वर्ष पूर्व शिलान्यास किया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार 30 बेड के अस्पताल को निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

**निर्माण कराना**

**द-15. श्री श्रवण कुमार**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, वेन में कर्मचारियों के आवासीय भवन एवं चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार कर्मचारी आवासीय भवन एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

**भवन का निर्माण**

**द-16. श्री पवन कुमार जायसवाल**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के डाका प्रखण्ड के पचपकड़ी कुण्डवा, चैनपुर, चन्दनबाड़ा, कुसमहवा, गुरहनवा, बडहरवा लखनसेन, करसहिया, भंडार में स्वीकृत अति० प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए जमीन की उपलब्धता होने के बाद भी भवन निर्माण हेतु राशि की अनुपलब्धता के कारण भवन निर्माण न होने से मरीजों, चिकित्सकों को व्यापक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उपर्युक्त स्वीकृत अति० प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

**नर्स की प्रतिनियुक्ति**

**द-17. श्री मनोहर प्रसाद सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत वाणीपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र में किसी नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं है, यदि हां, तो सरकार वहाँ नर्स की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## व्यवस्था करना

**द-18. श्री राजेश्वर राज**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल, विक्रमगंज में अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था नहीं रहने से चिकित्सकों एवं मरीजों को काफी कठिनाइयाँ हो रही हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## प्रतिनियुक्ति करना

**द-19. श्री बिनोद कुमार सिंह**--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राणपुर में विगत 5 वर्षों से एक भी ड्रेसर एवं कम्पाउण्डर नहीं है, जिसके चलते वहाँ के करीब 10 हजार आम नागरिकों को स्वास्थ्य की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार उक्त अस्पताल में ड्रेसर एवं कम्पाउण्डर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पदस्थापित करवाना

**द-20. श्रीमती बीमा भारती**--क्या क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, रूपौली में महिला डॉक्टर प्रतिनियुक्त नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि महिला डॉक्टर नहीं रहने के कारण महिला रोगी को इलाज करवाने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिला डॉक्टर को पदस्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जीर्णोद्धार करना

**टन-1. श्री रमेश ऋषिदेव**--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड के सिंहेश्वर शिव मन्दिर का पोखर को एस०डी०ओ० एवं धार्मिक न्यास समिति, सिंहेश्वर, मधेपुरा द्वारा वर्ष 2008-09 में पोखर के जीर्णोद्धार हेतु तोड़वाया गया था लेकिन अभीतक जीर्णोद्धार नहीं किया गया है, यदि हां, तो पर्यटन की दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध उक्त शिव मन्दिर के पोखर को तोड़वाकर छोड़ देने का क्या औचित्य है ?

विकसित कराना

**टन-2. श्री अशोक कुमार**--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखण्ड के करियन ग्राम में दसवीं सदी के महान दार्शनिक, नैयायिक, उद्‌भव विद्वान आचार्य उदयन का जन्म हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1955 से 1960 में इस स्थल की खुदाई कार्य पुरातत्व विभाग द्वारा कराई गयी थी और वहाँ पुराने उसी समय के अवशेष मिले हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदयनाचार्य के डीह का संरक्षण संवर्धन कराते हुये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

**ई-1. श्रीमती मुन्नी देवी**--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय सदस्यों के लिखे पत्र की प्राप्ति सूचना 15 दिनों के अन्दर तथा कृत कार्रवाई से एक माह के भीतर अवगत न कराना मुख्य सचिव के पत्र संख्या 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा निर्गत आदेश की अवहेलना है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 203/11, दिनांक 5 अगस्त, 2011 से प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बिहियां, भोजपुर से वांछित सूचना मांगी गयी है, परन्तु प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 282/11, दिनांक 25 नवम्बर, 2011 तथा पत्रांक 366/12, दिनांक 22 जनवरी, 2012 से स्मारित कराने के बावजूद आजतक इनके द्वारा पत्र प्राप्ति की भी सूचना नहीं दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मुख्य सचिव के परिपत्र में निहित निदेश की अवहेलना करने वाले उक्त पदाधिकारी पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

वि०स०मु० (एल०ए०) 108--डी०टी०पी०--25--